भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 — FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये — Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AC 209067



**ट्रस्ट / न्यास डीड ( दस्तावेज )**
**गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट**
**मो सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जिला जौनपुर उ०प्र०**

मै मनमीत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी मो- सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ तहसील मडियाहूँ जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश का निवासी हूँ । मै गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट मो सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जिला जौनपुर उ०प्र० का दस्तावेज अपने हस्ताक्षरों से रजिस्टर्ड करता हूँ ।

1- यह लोक कल्याणकारी एवं मानवता प्रेमी ट्रस्ट / न्यास का निर्माण एवं स्थापना 31 जुलाई सन 2016 ई० को गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट के नाम से जाना जाएगा ।

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH AC 209053

संस्थापक न्यास / ट्रस्ट गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट के नाम उपरोक्त धनराशि सौंप चुका है तथा न्यास /ट्रस्ट के उद्देश्यों को संचालन के हेतु स्थापित है । न्यास / ट्रस्ट के उद्देश्यों संचालित करने के लिए नियुक्त प्रबन्ध न्यास / ट्रस्ट पहले से ही अपना सहमति व्यक्त कर चुका है । और वैधानिक रूप से 11,000 /-रु (ग्यारह हजार रुपये ) से अपने मालिकाना का अधिकार रखता है । न्यास / ट्रस्ट के समुचित एवं स्थायी सुरक्षा की दृष्टि से प्रथम पात्र प्रबंधक की नियुक्ति की गयी है । न्यास / ट्रस्ट औपचारिक दस्तावेज को क्रियान्वित करने के लिए यह समझा जाता है कि न्यास/ट्रस्ट निश्चित शर्तों के साथ प्रबन्धक को अपना अधिकार प्रदान करती है । न्यास / ट्रस्ट के संस्थापक द्वारा इस दस्तावेज को गवाहों के समक्ष निम्नलिखित रूप से घोषित की जाती है ।

1- 11,000 /-रु (ग्यारह हजार रुपये ) न्यास / ट्रस्ट की सम्पत्ति होगी और बाद में न्यास / ट्रस्ट की सम्पत्ति कहलाएगी ।

2- न्यास / ट्रस्ट का सम्पत्ति का अर्थ होगा उपरोक्त रकम 11,000 /-रु (ग्यारह हजार रुपये ) न्यास / ट्रस्ट की सम्पत्ति होगी इसके अतिरिक्त समय समय पर पूंजी लगाना या किसी क्षेत्र से प्राप्त की गयी धनराशि इसके अतिरिक्त दान दाताओं एवं स्वयं से संगठनो, तथा किसी संस्था अथवा सोसाइटी द्वारा दी गयी रकम या सम्पत्ति न्यास / ट्रस्ट की होगी ।

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये

सत्यमेव जयते

Rs. 500

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AC 209069

1- यह न्यास समाज के विभिन्न उद्देश्यों जन शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य विकास, नैतिक मूल्यों, कला, साहित्य, पर्यावरण एवं भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का निर्वाह करना है ।

2- **ट्रस्ट न्यास की विधिक प्रतिबद्धता-** गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट **एक्ट 1882 के अंतर्गत जा रहा है । इस ट्रस्ट एक्ट 1882 के समस्त नियम / उपनियम लागू होंगे जो की ट्रस्ट एक्ट के लिए आवश्यक है और न्यायिक विधा में व्यावहारिक तथा विधिमान्य है** । गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट **उनके** अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है ।

न्यास ट्रस्ट के न्यासकर्ता के द्वारा घोषणा की जाती है कि रु0 11,000 /-रु (ग्यारह हजार रुपये ) रु० से इस ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है, जो की न्यास ट्रस्ट के न्यास सदस्यों द्वारा प्राप्त हुई है । आगे यह घोषणा की जाती है कि जो भी दान, अनुदान, चाहे कोष (फण्ड) या सम्पत्ति के रूप में प्राप्त होगा उसका उपयोग लोग लोक कल्याणकारी मानव भलाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी, उन्मूलन, एवं अन्य कल्याणकारी कार्यों के लिए होगा । प्राप्त अनुदान दान धनराशी न्यास / ट्रस्ट को प्राप्त होगी उसका उल्लेख रजिस्टर्ड में अंकित होना या बैंक खाते का विवरण दिया जायेगा ।

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 216517

3- न्यास / ट्रस्ट पर प्रोविजन इनकम टैक्स एक्ट 1961 की सभी शर्तें लागू होंगी उपरोक्त न्यास / ट्रस्ट में नामित व्यक्ति जो न्यासी / ट्रस्टी बनाये गए ।

| क्र०सं० | नाम ट्रस्ट | पिता / पति | पद | व्यवसाय | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनमीत सिंह | स्वर्ण सिंह | प्रबंधक | व्यवसाय | मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर । |
| 2 | स्वर्ण सिंह | स्व जोगेंद्र सिंह | अध्यक्ष | सामाजिक | मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर । |
| 3 | रीना सिंह | स्वर्ण सिंह | कोषाध्यक्ष | नौकरी | मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर । |
| 4 | मनप्रीत कौर | मनमीत सिंह | सचिव | गृहणी | मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर । |
| 5 | मोहित सिंह | दलजीत सिंह | सदस्य | व्यवसाय | स्टेशन रोड सिविल लाइन फैजाबाद |
| 6 | हरमीत सिंह | स्वर्ण सिंह | सदस्य | व्यवसाय | मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर । |

4- न्यास / ट्रस्ट का नाम :- गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट

5- न्यास / ट्रस्ट का स्थाई पता :- मो - सदरगंज
पोस्ट - मडियाहूँ
जिला - जौनपुर उ०प्र० ।
पिन कोड नं0- 222161

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219261

6- न्यास / ट्रस्ट कार्य क्षेत्र :- सम्पूर्ण भारत

7- न्यास / ट्रस्ट निर्माता / न्यासकर्ता मो – सदरगंज
पोस्ट – मडियाहूँ
जिला – जौनपुर उ०प्र० ।
पिन कोड नं0- 222161

8- न्यासकर्ता द्वारा अधिकृत व्यक्ति का नाम :- मनमीत सिंह
प्रबंधक (स्वयं)

9- न्यासधारी ट्रस्टी :- गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट
कार्यालय मो० सदरगंज पोस्ट मडियाहूँ जौनपुर ।

10- न्यास / ट्रस्ट का स्वरुप :- यह न्यास / ट्रस्ट एक चैरिटेबल संस्था है जो जाती धर्म वर्ग संप्रदाय एवं राजनीती से ऊपर उठकर जनहित सर्व हिताय सर्व सुखाय के लिए कार्य करेगा ।

Manager
Children [illegible] School
Jogapur, [illegible] Jaunpur
U.P.

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219262

11. लाभग्राही-

हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, बौद्ध आदि समस्त धर्म जाति के समस्त लोगो को बिना किसी भेद भाव के सामान्य विकास अर्थात मानव मात्र के सर्वांगीण विकास के लिए यह ट्रस्ट कार्य करेगा एवं सभी को सामान लाभ पहुचाने का प्रयास करेगा । तथा मानव विकास में सहायक प्राणियों, वनस्पतियों के विकास एवं कल्याण में कार्य करेगी ।

12. फायदाग्राही व्यक्ति -

ट्रस्ट/न्यास द्वारा किसी भी प्रकार का लाभ किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं होगा बल्कि ट्रस्ट के विकास व उनके कार्यक्रमो के विकास में लोककल्याण के लिए लगाया जायेगा ।

13. ट्रस्ट के उद्देश्य -

1. सामाजिक विकास के लिए विशेष कर इन क्षेत्रो में जैसे भारतवर्ष के निरीह एवं जरुरत मंद बच्चो के लिए शिक्षा की व्यवस्था के लिए भारत के विभिन्न प्रान्तों में अपने उद्देश्यों के निहित से भिन्न भिन्न बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओ का संचालन करना एवं उसकी प्रबन्ध समितियों का गठन करना तथा प्रबन्ध समितियों संस्था का संचालन करना ।

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu,Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219263

2. अस्पताल तथा प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, उच्च माध्यमिक इण्टर, सी०बी०एस०सी० बोर्ड, आई०सी०एस० बोर्ड, यू०पी० बोर्ड, संस्कृत विद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, (प्रथम से लेकर आचार्य तक) महाविद्यालय अभियन्त्रिक कालेज, मेडिकल कालेज स्वास्थ्य सेवा केंद्र, हॉस्पिटल, सामाजिक शिक्षा केंद्र प्राविधिक शिक्षा केंद्र आवासीय विद्यालय, निराश्रित सेवा केंद्र (अनाथालय), मूक बधिर, विकलांग केंद्र छात्रावास पशुपालन गो सेवा सदन प्रौढ़ शिक्षा केंद्र अनौपचारिक शिक्षा केंद्र कृषि विज्ञान शिक्षा केंद्र आदि की स्थापना करना एवं इनका संचालन करना। सभी जाति वर्ग एवं संप्रदाय के बाल बालिकाओ के लिए विद्यालयों की स्थापना करना और देश के किसी भी हिस्से में संचालि रोजगार कोर्स चलाकर तिमाही छमाही एवं वार्षिक सर्टिफिकेट व प्रमाण पत्र प्रदान करना।

7

Principal
Children Guide School
Jogapur, Mariahu

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219264

3. शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब, मजदूर महिलाओ, पुरुषो के शैक्षिक सामाजिक आर्थिक स्वास्थ्य के विकास के लिए खादी ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम कृषि विकास, पशुपालन, पर्यावरण, भूमि सुधार, सिंचाई, पेयजल, नशा बंदी निवारण, सामाजिक कुरूतियो, सांप्रदायिक निवारण, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता क विकास आकस्मिक दुर्घटना में सहायता, महिला उत्पीड़न क विरोध व प्रताड़ित महिलाओ का संरक्षण व पोषण परंपरागत चिकित्सा प्रणाली का विस्तार आदि कार्यक्रम चलाये जायेंगे ।

4. समय समय पर मिनिट, गोष्ठी, सेमिनार अधिवेशन, प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जायेगा ।

5. देश के होनहार प्रतिभाओ, सामाजिक कार्यकर्ता राजनीति में एवं उत्किष्ट सेवाओ से इमानदार अधिकारियो, को उत्साह वर्धन के लिए नागरिक सम्मान व प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करेगा ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219265

6. ट्रस्ट अपने स्वावलम्बन कार्यक्रम के संचालन के लिए जनता व्यापारिक प्रतिष्ठानों जिला प्रशाशन राज्य सरकार केंद्र सरकार एवं सरकारों के अधीन विभिन्न मंत्रालयों व अन्तर्राष्ट्रीय एजेंशियो से चंदा दान अनुदान प्राप्त करता करेगा ।
7. निराश्रित एवं जरुरत मंदों की मदद करना न्यास/ट्रस्ट द्वारा जरुरत मंदों को रोजगार हेतु न्यूनतम दर पर ऋण प्रदान करना ।
8. दलित एवं अति पिछडी एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, एस०सी०/एस०टी० एण्ड ओ०बी०सी० के उत्थान के लिए कार्य करना ।
9. समाज में कमजोर वर्ग, महिलाओ विकलांगो एवं बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना तथा समाज में आदर्श संस्कृति समानता, भाईचारा एवं सहअस्तित्व अस्थापित करने के लिए कार्य करना ।

Manmeet Singh

Children School
Jogapur, Jaunpur
U.P.

Manmeet Singh

9

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219266

10. समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरूतियो का प्रबल विरोध करना एवं व्यक्तियों के सांस्कृतिक तथा चारित्रिक निर्माण के लिए प्रयास करना ।

11. युवको को मद्यपान एवं नशाखोरी के प्रभाव से निकालकर पुनर्वास की व्यवस्था करना तथा उन्हें स्वरोजगार द्वारा स्वावलंबी बनाने का प्रयास करना ।

12. सभी के शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्राथमिक विद्यालय जू०हा० स्कूल उ०मा०वि० तथा महाविद्यालय की स्थापना करना एवं संचालित करना ।

13. सभी को स्वास्थ्य समृद्धि एवं स्वावलम्बन की व्यवस्था के लिए —कार्य करना तथा स्वदेशी की अवधारना पर खादी एवं ग्रामोद्योग का विकास करना एं इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ।

14. ग्रामीण क्षेत्रो में कृषि एवं कृषको के उत्थान के लिए टिकाऊ कृषि प्रौद्योगिकी का विकास करना तथा कृषको को सब्जी एवं फल प्रसंस्करण के लिए प्रेरित करना एवं प्रशिक्षित करना कृषि आधारित उद्योग के प्रचार प्रसार एवं स्थापना हेतु उपयुक्त पत्रों को परामर्श एवं प्रशिक्षित की व्यवस्था करना ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219267

15. प्राकृतिक आपदाओ जैसे बाढ़, सुखा, आगजनी, महामारी, विपत्तियों के समय भी पीडितो को हर संभव सहायता उपलब्ध करना । समय समय पर मानव संशाधन विकास मंत्रालय केन्द्रीय समाज कल्याण परिषद, स्वास्थ्य विभाग, इत्यादि संस्थाओ से सहायता उपलब्ध करने में सहयोग करना ।
16. मात्री, शिशु, कल्याण, जनसंख्या नियंत्रण एवं टीकाकरण कार्य के लिए कार्य करना तथा प्रचार प्रसार करना ।
17. ग्राम्य स्तर पर उत्पादित वस्तुओ, हस्तकला सामग्रियों कताई बुनाई, सिलाई कढ़ाई इत्यादि के निर्माण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करना ।
18. जैविक खेती द्वारा सब्जी, फल एवं अनाज का उत्पादन कराकर एवं फसलो में रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न कीटो (फसल मित्र) का प्रयोग करना रासायनिक विषाक्तता की मुक्ति के लिए प्रयत्न करना ।
19. गो वंश, संरक्षण संवर्धन एवं विकास की कृषको एवं जनमानस की भागीदारी को बढ़ाने के लिए कार्य करना ।

Children ... School
Jogapur, M...,Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219268

सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी, द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण तथा भारतीय जीव जंतु कल्याण एवं अन्य जिव सरंक्षण एवं समवर्धन के लिए कार्य करना संरक्षण एवं सघन वृक्षारोपण को बढावा देना ।

20. जगह जगह पर वनौसधिक उद्यानों की स्थापना कराकर औषधियों (विशेषतः लुप्त प्रायः ) का संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूपता बढाना ।
21. गैर पारंपरिक उर्जा श्रोतो का विकास एवं प्रचार-प्रसार करना ।
22. प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक दृष्टि से सर्वेक्षण करना तथा न्यूज पत्र सम्पादित करना ।
23. खेल कूद पर्यटन योग या लोकगीत लोक संस्कृत एवं परम्पराओ का प्रचार-प्रसार एवं विकास करना ।
24. विभिन्न प्रकार की सूचनाएं जैसे सांस्कृतिक वैज्ञानिक आर्थिक सामाजिक इत्यादि एकत्र करना तथा कार्यशालाओ का आयोजन कर इन सूचनाओ को जन सामान्य तक पहुचना ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur.Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

38AA 219269

26. शासन स्तर पर हो रहे ग्रामीण विकास एवं समाज कल्याण के प्रयासों का प्रचार-प्रसार करना एवं उन दिशा में आने वाली समस्याओ का निराकरण करते में सहयोग करना ।

27. अन्य सभी कार्य करना जिससे जन सामान्य की भलाई एवं कल्याण हो ।

28. विभिन्न कार्यो के निष्पादन के लिए अन्य संस्थाओं की स्थापना करना । जो इस संस्था के अंतर्गत कार्य करेगी ।

14. **ट्रस्ट / न्यास प्रबंधकारिणी समिति-** ट्रस्ट / न्यास प्रबंधकारिणी समिति में दस्तावेज में उल्लिखित / पदाधिकारी / मुख्य ट्रस्टी आजीवन सदस्य रहेंगे । इनमे से किसी का स्थान रिक्त होने पर पदाधिकारी / मुख्य ट्रस्टी कोई एक उनका स्थान ग्रहण करते रहेंगे ।

15. **पदाधिकरिणी समिति में उत्तरदायी पद -** ट्रस्ट / न्यास ट्रस्ट के प्रबंधकारिणी समिति में उत्तरदायी पद ट्रस्टी अध्यक्ष ट्रस्टी प्रबंधक ट्रस्टी कोषाध्यक्ष होंगे, इस ट्रस्ट के प्रबंधक ही मुख्य कार्यकारिणी होंगे ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783343

16. **ट्रस्ट / न्यास की सदस्यता** - ट्रस्ट/न्यास की सदस्यता निम्नलिखित प्रकार की होगी ।

1- **संस्थापक ट्रस्टी** - गुरमीत सिंह एजुकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट **/न्यास** के संस्थापक ट्रस्टी होंगे जिन्हें अपने जीवन काल में उत्तराधिकारी के अलावा किसी भी प्रकार के ट्रस्टी को मनोनित करने का अधिकार प्राप्त है । एवं ट्रस्ट/न्यास संचालन एवं नियंत्रण का सर्वाधिकार प्राप्त है । ये तीनो ट्रस्टी में से यदि कोई स्थान रिक्त होता है तो उनके उत्तराधिकारी या उनकी सहमती से कोई एक उत्तराधिकारी उनका स्थान ग्रहण करते रहेंगे । ये तीनो आजीवन ट्रस्टी रहेंगे ।

2. मुख्य ट्रस्टी / **न्यास – श्री मनमीत सिंह** मुख्य ट्रस्टी होंगे । इन्हें संस्थापक ट्रस्टी के कार्यो में सहयोग करेंगे तथा अपनी राय व्यक्त करेंगे । इनमे से किसी का स्थान रिक्त होने पर उनके उत्तराधिकारी उनका स्थान ग्रहण करते रहेंगे ।

Manager
Children ... School
Jogapur, ... Jaunpur



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783344

3. सहयोगी ट्रस्टी/न्यास – जो व्यक्ति ट्रस्ट को 5,000 /- पांच हजार रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क प्रदान करेगा वह एक वर्ष के लिए सहयोगी ट्रस्टी/न्यास होगा । इसके लिए संस्थापक ट्रस्टी/मुख्य ट्रस्टी की अनुमति लेना आवश्यक है ।

4. सहयोगी ट्रस्ट/न्यास की सदस्यता समाप्ति :- पागल होने दिवालिया होने मृत्यु होने पर या किसी न्यायालय द्वारा सजा पाने या त्यागपत्र देने पर सदस्यता समाप्त हो जायेगा या

ट्रस्ट/न्यास सदस्य ट्रस्ट के खिलाफ काम करने पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा निलंबित किया जा सकते है ।

17. प्रबंधकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्तव्य :-

1. प्रबंधकारिणी समिति ट्रस्ट से सम्बंधित निति विषयक निर्णय लेगी ।
2. चल अचल संपत्ति को खरीदना, बेचना रेहन रखना ऋण लेना अनुदान लेना या किसी पदाधिकारी को विभिन्न प्रकार के अधिकार प्रदान करना व उनको मनोनिति करना नियुक्त करना निष्काशन करना व किसी अधिकारीद्वारा किये गए प्रशाशनिक निर्णय का अनुमोदन करना उसे निरस्त करना ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783345

3 ट्रस्ट/न्यास के अंतर्गत संचालित संस्था के परियोजनाओ के संचालन में समितियों व मुख्य समितियों को गठन करना उनके पदाधिकारीयो को मनोनीत करना व उन्हें अधिकार प्राप्त कराना तथा भंग करना व प्रदत्त अधिकारों को वापस लेना ।

4 ट्रस्ट/न्यास द्वारा गठित समितियों व उपसमितियों संस्थाओ व परियोजनाओ को अलग-अलग बैंक खातो को समयानुसार चालू करने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत करना व बैंक खाते खुलवाना और उन्हें बंद कराना या परिवर्तन करना ।

5 ट्रस्ट/न्यास की ओर से किसी भी प्रकार की अनुबंध या दस्तावेज लिखने के लिए या वाद विवाद की पैरवी करने के लिए किसी भी व्यक्ति को अधिकृत तथा किसी जांच पड़ताल के लिए ट्रीबनल गठन करना और वैधानिक कार्यवाही करना ।

6 वार्षिक आय-व्यय का लेखा जोखा स्वीकृत करना तथा आगामी बजट तैयार करना

7 ट्रस्ट/न्यासके किसी पदाधिकारी द्वारा लिए गए प्रशाशनिक निर्णय के विरुद्ध प्रत्यावेदन पर सुनवाई करना व उस पर निर्णय देना ।



Principal
Children Guide School
Jogapur Marishu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Marishu, Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783346

8 आवश्यकतानुसार ट्रस्ट/न्यास के नियम और उपनियम बनाना तथा उनको क्रियान्वित करना ।

9 प्रबंधकारिणी समिति ट्रस्ट बोर्ड सर्वाधिकार संपन्न और वह समस्त निर्णय लेने के लिए सक्षम होगी जो आवश्यकतानुसार महसूस किये जायेंगे ।

18.- **ट्रस्ट/न्यास प्रबंधक के कर्तव्य एवं अधिकार :-**

ट्रस्ट/न्यास प्रबंध ही ट्रस्ट/न्यास के मुख्य अधिकारी होंगे । जो ट्रस्ट/न्यास के उद्देश्यों के प्रति समर्पित होंगे । न्यासकर्ता ही ट्रस्ट/न्यास की प्रथम आजीवन ट्रस्ट/न्यास प्रबंधक होंगे । ट्रस्ट/न्यास प्रबंधक अपने उत्तराधिकारी को अपने जीवन काल में उत्तराधिकारी प्रबंधक मनोनीत कर सकता है । ट्रस्ट/न्यास के किसी भी ट्रस्ट/न्यास सदस्यों द्वारा ट्रस्ट/न्यास के प्रति असहयोग या पागल होने पर दिवालिया होने मृत्यु होने न्यायालय द्वारा सजा पाने ट्रस्ट/न्यास की सदस्यता से मुक्त कर सकती है । ट्रस्ट/न्यास का प्रशासनिक कार्य प्रबंधक द्वारा सम्पादित होगा एवं ट्रस्ट/न्यास के संचालन एवं नियंत्रण का सर्वाधिकार प्राप्त है । किसी ट्रस्टी/न्यासी की पूर्ति के लिए मनोनयन करना कर्मचारी की नियुक्त करना

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783347

वेतन वृद्धि करना एवं बहाली करना ट्रस्ट/न्यास के समस्त वैधानिक कागजातों एवं दस्तावेजो पर हस्ताक्षर करना एवं ट्रस्ट/न्यास चल अचल संपत्ति का स्थानांतरण करना, खरीदना या बेचना बैंक खातो का संचालन करना, सम्पत्ति बंधक रखना, ऋण आदि प्राप्त करना एवं ट्रस्ट/न्यास के प्रबंध कार्यकारिणी के समस्त प्रस्तावों को कार्य रूप में प्रस्तावित करना ।

19. **मुख्य ट्रस्टियो के अधिकार एवं कर्तव्य :-**

मुख्य ट्रस्टी प्रबंधकारिणी समिति ने एजेंडे के अनुसार अपने विचार रखेंगे और निर्णय लेने में प्रबंधकारिणी समिति की मदद करेंगे प्रबंधकारिणी समिति आम सहमती से मुख्य ट्रस्टियो की संख्या घटा व बढ़ा सकती है ।

20. **सहयोगी ट्रस्टी :-** ट्रस्ट/न्यास द्वारा संचालित संस्थाओ की सहमती उपसमितियो एवं पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किये जावेंगे और वे सौपे गए कार्यवाही को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे ।

21. **ट्रस्ट/न्यास के सामान्य नियम :-**

1. ट्रस्ट/न्यास की प्रबंधकारिणी समिति में दो सदस्य होंगे जिनमे ट्रस्ट अध्यक्ष ट्रस्ट कोषाध्यक्ष प्रबंधक और सचिव ट्रस्ट के चार पदाधिकारी होंगे जो ट्रस्ट न्यास के संचालन के लिए उत्तरदायी होंगे । ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रबंधक होंगे ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu Jaunpur



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783348

2. ट्रस्ट/न्यास की कार्यवाही के प्रारम्भ में उपस्थिति सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे व अंत में ट्रस्ट/न्यास अध्यक्ष ट्रस्ट प्रबंधक के हस्ताक्षर होंगे ।
3. प्रबंधकारिणी की बैठक की सूचना सामान्य रूप से एक सप्ताह पूर्व एजेंडा द्वारा प्रमाणित साधन दी जाएगी । विशेष परिस्थियों में आकस्मिक 24 घंटो में बुलाया जा सकता है ।
4. ट्रस्ट/न्यास में ट्रस्टी सदस्यों की संख्या कम से कम 2 और अधिक से अधिक 21 तक होगी ।
5. प्रबंधकारिणी समिति के प्रस्तावित एजेंडा में यदि कोई प्रस्ताव नही है और उसको समिति में रखना है तो अध्यक्ष की अनुमति से रखा जा सकता है ।
6. निर्णय बहुमति के आधार पर होगा । सामान मत पड़ने की स्थिति में अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा ।
7. ट्रस्ट/न्यास का वार्षिक अधिवेशन एवं समय तक ऑडिट करना प्रबंध कार्यकारिणी के समिति के निर्देशों पर होगा ।
8. **ट्रस्ट/न्यास के दस्तावेजो में संशोधन :-**
ट्रस्ट/न्यास यदि महसूस करता है की इसके दस्तावेज में किसी धरा मे संशोधन परिवर्तन या परिवर्धन है तो वह संस्थापक सदस्यों की अनुमति से कर सकता है

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783349

22. **ट्रस्ट/न्यास का कोर्स** - ट्रस्ट/न्यास अपने किसी निजी या अपने अधीनस्थ किसी संस्था या परियोजना का खाता किसी राष्ट्रियकृत बैंक या पोस्ट ऑफिस में प्रबंधकारिणी समिति के प्रस्ताव द्वारा पारित करके प्रबंधक के हस्ताक्षरो से खाता खुल सकता है । प्रबंधक के हस्ताक्षर से निकला जायेगा ।

आवश्यकतानुसार उन खातो में परिवर्तन कर सकता है एवं चयनित पदाधिकारियों का नाम परिवर्तन कर सकता है । ट्रस्ट/न्यास अपना निजी खाता होगा एवं विदेशी खाता के लिए एक अलग से खाता परिचालित होगा ।

23. **विवादित स्थित निर्णय** -

ट्रस्ट/न्यास में से किसी भी प्रकार विवाद की स्थिति होने पर या किसी न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित होने पर ट्रस्ट/न्यास के संस्थापक ट्रस्टियो को ट्रस्ट के दस्तावेजो के मुताबिक समस्त अधिकार प्राप्त होंगे और ट्रस्ट में संचालन के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा प्रबंधक ट्रस्ट की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के लिए अलग से ट्रस्टियो को मनोनीत कर सकेंगे और ट्रस्ट/न्यास के समस्त चल अचल सम्पति और सुरक्षा के प्रति उत्तरदायी होंगे । ऐसी परिस्थिति में अंतिम प्रबंधकारिणी समिति एवं प्रबंधक का निर्णय मानी होगा । किसी परिस्थिती में कोई ट्रस्टी सदस्य किसी भी न्यायालय में ट्रस्ट के खिलाफ मुकदमा नहीं दाखिल कर सकता है । यह ट्रस्ट/न्यास तथा उससे संचालित सभी संस्थाओ पर लागू होगा ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 783350

24. **ट्रस्ट/न्यास के रिकॉर्ड एवं अभिलेख :-**

सदस्यता रजिस्टर, एजेंडा रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, कैशबुक, लेजर, वाउचर, फाइल, सदस्यता फाइल, रसीद बुक, पास बुक, चेकबुक, निरीक्षण रजिस्टर, उपस्थित रजिस्टर, वेतन भुगतान रजिस्टर, आदि ट्रस्ट के रिकॉर्ड होंगे जो प्रबंधक के पास होगा ।

25. **अनुशासनात्मक कार्यवाही :-**

ट्रस्ट/न्यास के तथा ट्रस्ट के अधीनस्थ किसी संस्था समिति के किसी प्रकार के पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्णय ट्रस्ट प्रबंध कार्यकारिणी समिति करेगी ।

26. **वाद/विवाद/प्रतिवाद :-**

समस्त प्रकार के वाद तथा प्रतिवादो का कार्यक्षेत्र उ0प्र0 में रहेगा तथा ट्रस्ट/न्यास दूसरे द्वारा ट्रस्ट पर दायर वाद/विवाद/प्रतिवाद ट्रस्ट के पद नाम से होंगे, व्यक्तिगत नाम से नहीं और ट्रस्ट इस प्रकार के वाद-प्रतिवाद की पैरवी के लिए किसी व्यक्ति या पदाधिकारियों को मनोनीत कर सकता है तथा अपना क़ानूनी सलाहकार निश्चित कर सकता है ।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.



Principal
Children Guide School
...pur Mariahu
Jaunpur

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 735321

27. **परियोजनाओ की संचालन में ट्रस्ट/न्यास की व्यापकता :-**

ट्रस्ट/न्यास सामाजिक लाभ के लिए संस्थाओ परियोजनाओ का ग्राम स्टार से लेकर अखिल भारतीय स्टार पर कर सकता है जो की भारत वर्ष के किसी प्रान्त जिले तहशील व ग्रामो में चलाई जाएगी ।

28. **पदों का सृजन :-**

ट्रस्ट/न्यास आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आवश्यक पदों का सृजन कर सकता है और इन सुयोग्य व्यक्ति को पद स्थापित कर सकता है तथा सम्बंधित कार्यक्रमों की प्रबंध समिति गठन करके उत्तरदायी पदाधिकारियों से मनोनीत करके उन्हें कार्य सौप सकता है ।

29. **ट्रस्ट/न्यास का विस्तार** :- गुरमीत सिंह एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर मेमोरियल ट्रस्ट /न्यास अपने कार्यक्रमों एवं परियोजनाओ के सफल संचालन के लिए भारतवर्ष के किसी भी प्रान्त या जिले में अपना क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कर सकेगा ।

30. **लेखा/जोखा (ऑडिट) :-**

आर्थिक वर्ष के उपरांत ट्रस्ट/न्यास अपने लेखा जोखा को चुस्त दुरुस्त और उसकी ऑडिट भी कराएगा । आवश्यकता पड़ने पर खर्चे से ट्रस्ट/न्यास के पदाधिकारियों / मुख्य ट्रस्टी की सहमती से ऑडीट कराएगा तथा उसका लेखा जोखा भी रखेगा ।

चार्टर एकाउंटेंट (सी०ए०) की मदद भी ले सकता है ।



Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu Jaunpur
U.P.

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

73AD 735322

## प्रतिबन्ध

क. विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

ख. विद्यालय के प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

ग. विद्यालय में कम से कम दस प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश, माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

घ. संस्था द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय का सम्बद्धता सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेन्डरी एजुकेशन, नई दिल्ली/ कौंसिल फार दी इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगा।

ङ. संस्था के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायकता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम के वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

च. कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनाई जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

छ. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी।

ज. विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा। यदि हाँ तो कृपया प्रबन्धाधिकरण का इस आशय का प्रस्ताव संलग्न करें कि विद्यालय को विभाग/शासन के सभी प्रतिबन्ध क्रम एक से ... तक स्वीकार है।

झ. उक्त प्रतिबन्ध क्रम 'क' से 'ज' तक बिना शासन की अनुमति से परिवर्तन/परिवर्धन ... जायेगा।

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

मसविदाकर्ता

पृथ्वीराज पांडेय Prithvi Raj Pandey Adv.
(एडवोकेट) 24/1/19
मडियाहूँ जौनपुर ।
तैयार किया गया ।

Manmeet Singh

श्री मनमीत सिंह
पुत्र स्वर्ण सिंह

ग्राम – सदरगंज
पोस्ट – मडियाहूँ
तहसील – मडियाहूँ
जिला – जौनपुर ।
उ०प्र०

टाइपकर्ता – आनन्द कुमार जायसवाल

Kamlesh Kumar
गवाह– Kamlesh Kumar Dubey S/o
1— Ramnihore Dubey Rajupur



2— Jitendra
जितेन्द्र कुमार यादव s/o हंसराज यादव
उजुरी मड़ियाहूँ जौनपुर





Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA



मनमीत सिंह
Manmeet Singh
जन्म तिथि/ DOB: 28/02/1991
पुरुष / MALE

**8460 2335 9527**

मेरा आधार, मेरी पहचान

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
UNIQUE IDENTIFICATION AUTHORITY OF INDIA

पता:
S/O: स्वर्ण सिंह, 161,
सदरगंज(मड़ियाहूँ), मड़ियाहूँ,
मरिआहू, जौनपुर,
उत्तर प्रदेश - 222161

Address:
S/O: Swarnu Singh, 161,
sadarganj(mariahu), mariahu,
Mariahu, Jaunpur,
Uttar Pradesh - 222161

1947
1800 300 1947

Manmeet Singh

mob-: 9838716561

Principal
Children Guide School
Jogapur Mariahu
Jaunpur

Manmeet Singh
Manager
Children Guide School
Jogapur, Mariahu, Jaunpur
U.P.